डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

पत्रांकः COE-133 / DSMNRU / फा0सं0–COE-165A / 2022–23 दिनांकः– 01 जून, 2023

# अन्तिम (फाइनल) अधिसत्र / वार्षिकी के साथ–साथ सम अधिसत्र / वार्षिकी परास्नातक / स्नातक एवं डिप्लोमा स्तरीय परीक्षाएं (मई, 2023 के अन्तर्गत) माह जून–2023 हेतु ऑन–लाइन आवेदन विषयक आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय पत्रांक–सी.ओ.ई.–91, दिनाँक 16.05.2023 द्वारा विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं में शैक्षिक सत्र् 2022–23 में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के (फाइनल सेमेस्टर) सत्रांत / वर्ष के स्नातक, डिप्लोमा एवं सार्टिफिकेट में अध्ययनरत् अर्ह / पात्र विद्यार्थियों हेतु **दिनांक 18.05.2023 से दिनांक 30.05.2023 तक ऑन लाइन आवेदन भरे जाने हेतु आवश्यक सूचना निर्गत की गयी थी।**

उपरोक्त के क्रम में विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं में शैक्षिक सत्र 2022–23 में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के **(फाइनल सेमेस्टर) सत्रांत / वर्ष के स्नातक, डिप्लोमा एवं सार्टिफिकेट में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के साथ–साथ सम अधिसत्र / वार्षिकी परास्नातक / स्नातक / डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम (द्वितीय / चतुर्थ / षष्ठम् / अष्टम् / दशम् सेमेस्टर एवं प्रथम / द्वितीय / तृतीय / चतुर्थ वर्ष) में अध्ययनरत् अर्ह / पात्र विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी सम अधिसत्र / वार्षिकी परीक्षा (मई, 2023 के अन्तर्गत) माह जून–जुलाई, 2023** में आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसके दृष्टिगत विद्यार्थी निम्नलिखित व्यवस्थानुसार ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरना सुनिश्चित करें :–

1) उपर्युक्तानुसार विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में अन्तिम (फाइनल) अधिसत्र / वर्ष के साथ–साथ सम अधिसत्र / वार्षिकी परास्नातक / स्नातक / डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम (द्वितीय / चतुर्थ / षष्ठम् / अष्टम् / दशम एवं प्रथम / द्वितीय / तृतीय / चतुर्थ वर्ष) में अध्ययनरत् अर्ह / पात्र विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनकी सम अधिसत्र / वार्षिकी परीक्षा (मई, 2023 के अन्तर्गत) माह जून–जुलाई, 2023 हेतु अर्ह / पात्र विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित ERP पोर्टल के अन्तर्गत Examination Portal के माध्यम से अपनी नामांकन संख्या / अनुक्रमांक (Enrollment No./ Roll No.) भरकर लॉगिन करते हुये उपरोक्त निर्धारित तिथि 30.05.2023 को विस्तारित करते हुए **दिनांक 02.06.2023 से दिनांक 10.06.2023 तक ऑन–लाइन आवेदन भर सकते हैं।** साथ ही विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में विद्यार्थी उक्त ऑन–लाइन आवेदन की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति संलग्नको सहित अपने विभाग में जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास भी सुरक्षित रखें।

2) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थाओं के सम्बन्ध में आवेदन करने वाले विद्यार्थी बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Fee Account) के नाम से **संचालित खाता संख्या–36510100000003 (IFSC-BARB0MOHAAN)** में निर्धारित परीक्षा शुल्क की धनराशि को RTGS/NEFT के माध्यम से ऑन–लाइन जमा करेंगे। ऑन–लाइन आवेदन–प्रपत्र एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी / संबंधित संस्थान की होगी।

3) उक्त के क्रम में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उन्हें परीक्षा हेतु आवेदन करने के लिए विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के द्वितीय तल स्थित एकेडमिक ब्लॉक ए–2 से सम्बद्ध काउण्टर पर निःशुल्क व्यवस्था की गई है। **ऑन–लाइन अवेदन हेतु निर्धारित तिथि 10.06.2023 को विस्तारित किया जाना संभव नहीं होगा। अतः परीक्षा आवेदन समयबद्ध अपेक्षित है।**

4) परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि वे अपने ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–पत्र में समस्त प्रविष्टियाँ सावधानी पूर्वक स्वयं भरें। विश्वविद्यालय कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने के उपरांत किसी भी प्रकार के संशोधन / परिमार्जन का अवसर उन्हें नहीं प्रदान किया जायेगा।

5) ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन में समस्या हेतु **हेल्प लाइन नं0**–9667277184 / Email-dsmnru.help@gmail.com पर सम्पर्क करेंगे।

6) **ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख / निर्देश :–**

1. 30-50 KB साइज की स्कैन्ड फोटो सॉफ्ट कॉपी में।
2. 10-30 KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी में।
3. 30-50 KB साइज में शुल्क सम्बंधी चालान की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में।

4. दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी, यदि लागू हो।
5. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप .jpeg, .jpg, .png, .tif में।
6. यदि कोई दिव्यांग विद्यार्थी श्रुति लेखक हेतु पात्र हैं, तो वह अपने साथ श्रुति लेखक की फोटो, हस्ताक्षर एवं अंतिम शैक्षिक योग्यता अंक–पत्र/प्रमाण–पत्र, स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी में अवश्य रखें फोटो अथवा अंक पत्र/प्रमाण–पत्र की साइज 30-50 KB साइज तथा हस्ताक्षर 10-30 KB साइज में।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः COE-133 /DSMNRU/फा0सं0–COE-165A/2023–24 दिनांकः–01 जून, 2023

<u>प्रतिलिपिः</u>–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक को इस अनुरोध के साथ कि वह अपने स्तर से विद्यार्थियों को निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. सम्बन्धित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
6. सिस्टम एनॉलिस्ट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
7. कोर्स–कोआडिनेटर, सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान को इस आशय से कि विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी संलग्नक सहित को अपने संस्थान में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण (चयनित विषय/पेपर कोड सहित) परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 12.06.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
8. विभागीय पटल सहायक को इस निर्देश के साथ कि विभागीय विद्यार्थियों से प्राप्त आवेदन की हार्ड कापी संलग्नकों सहित को विभाग में सुरक्षित रखते हुए एवं आवेदन से सम्बन्धित सूची विवरण (चयनित विषय/पेपर कोड सहित) परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दिनाँक 12.06.2023 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
9. सम्बद्ध एजेन्सी एवं परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ एवं अनुभाग को अनुपालनार्थ।
10. समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

01/6/23

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक